फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

अमर भारती

तीन ओवरलोड ट्रक सीज

ओवरलोड वाहन पर सीज की कार्रवाई करते पुलिस व प्रवर्तन अधिकारी।

अमर भारती संवाददाता

फर्रुखाबाद। एसपी अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अभय वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें प्रवर्तन टीम ने दो ओवरलोड खनिज से लदे वाहन सीज किए। जिन पर 71 हजार जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही एक अन्य वाहन को सीज करते हुए 30 हजार जुर्माना लगाया।

मीडिया सेल फतेहगढ़

@fatehgarhpolice @fatehgarhpolice Contact no- 7839856742

लोक भारती

अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर पुलिस का सख्त एक्शन, एएसपी ने टीम संग दो ट्रक किए सीज

लोक भारती ब्यूरो

फर्रुखाबाद। शासन के निर्देशानुसार जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। अपर पुलिस अधीक्षक (स्क्र) फतेहगढ़ के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने छापेमारी कर नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले दो ओवरलोड ट्रकों को सीज कर दिया। संयुक्त टीम ने चलाया चेकिंग अभियान एएसपी

फतेहगढ़ ने क्षेत्राधिकारी नगर (इह इद्वह4), एआरटीओ (ऋइह) फतेहगढ़ और यातायात पुलिस की एक संयुक्त टीम गठित कर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान रेत, गिट्टी और मिट्टी ले जाने वाले वाहनों के भार और दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। चेकिंग के दौरान टीम ने दो ऐसे ट्रकों को पकड़ा जो क्षमता से अधिक भार लादकर सड़कों पर दौड़ रहे थे। इन वाहनों से न केवल राजस्व की हानि हो रही थी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ था। एआरटीओ की मौजूदगी में दोनों ट्रकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया।

नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह व थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह की मौजूदगी में हुआ थाना दिवस का आयोजन

लोक भारती न्यूज ब्यूरो

अमृतपुर फर्रुखाबाद। अमृतपुर थाना परिसर में शनिवार को नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह एवं थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह की उपस्थिति में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं सुनी गईं। जनसुनवाई के दौरान कुल दो प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जो मुख्य रूप से भूमि विवाद से संबंधित थे। कुम्हरौर निवासी रविंद्र पुत्र फूल सिंह ने भूमि विवाद को लेकर शिकायत दर्ज कराई, जबकि नवादा निवासी रीता देवी पत्नी स्वर्गीय कमलेश ने खेत से जुड़े मामले में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह व थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शीघ्र जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को समय पर न्याय मिल सके।

इस दौरान नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर व दिनेश चंद्र, लेखपाल गौरव, ज्योति, वरुण और सावन यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान प्रशासनिक टीम सक्रिय नजर आई और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

मीडिया सेल फतेहगढ़